भारत इलेक्ट्रॉनिक्स
BHARAT ELECTRONICS
QUALITY. TECHNOLOGY. INNOVATION

# भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड

## नंदमबाक्कम, चेन्नई - 600 089

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, एक नवरत्न पीएसयू कंपनी और रक्षा मंत्रालय के तहत भारत की प्रमुख पेशेवर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी को अपनी चेन्नई यूनिट के लिए **अस्थायी आधार पर** निम्नलिखित कर्मियों की आवश्यकता है।

**1. परियोजना अभियंता – I एवं प्रशिक्षु अभियंता - I / अधिकारी - I की आवश्यकता:**

| क्रमांक | पद | पदों की संख्या | आरक्षण | 01.01.2025 के अनुसार ऊपरी आयु सीमा | शैक्षिक योग्यता अर्जित करने के बाद यथा 01.01.2025 को अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परियोजना अभियंता -1 (इलेक्ट्रॉनिक्स) | 03 | जनरल - 06<br>ईडब्लयूएस -01<br>ओबीसी - 02<br>एससी -01 | 32 | 02 वर्ष |
| 2 | परियोजना अभियंता -1 (मैकेनिकल) | 06 | | | |
| 3 | परियोजना अभियंता -1 (सिविल) | 01 | | | |
| 4 | प्रशिक्षु अभियंता -1 (इलेक्ट्रॉनिक्स) | 08 | जनरल - 08<br>ईडब्लयूएस - 01<br>ओबीसी - 03<br>एससी - 02<br>एसटी- 01 | 28 | शून्य |
| 5 | प्रशिक्षु अभियंता -1 (मैकेनिकल) | 04 | | | |
| 6 | प्रशिक्षु अभियंता -1 (सिविल) | 01 | | | |
| 7 | प्रशिक्षु अधिकारी -1 (वित्त) | 02 | | | |

**नोट:** सरकारी अनुदेशों के अनुसार OBC-NCL/SC/ST/PwBD से संबंधित उम्मीदवारों को छूट और रियायतें दी जाएंगी ।

***आयु 01.01.2025 के अनुसार:*** ऊपरी आयु सीमा में एससी, एसटी के उम्मीदवारों के लिए 5 वर्ष और ओबीसी उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष की छूट होगी । बेंचमार्क डिसेबिलिटी (पीडब्ल्यूबीडी) श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को न्यूनतम 40% या उससे अधिक की अक्षमता के साथ ऊपर उल्लिखित श्रेणियों पर लागू छूट के अलावा 10 वर्ष की छूट मिलेगी ।

एसएसएलसी/एसएससी/आईएससी मार्क्स कार्ड या किसी अन्य वैध दस्तावेज को जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में माना जाएगा ।

## 2. कार्य की शर्तें और पारिश्रमिक:

a) **परियोजना अभियंता-I** को 3 वर्ष की प्रारंभिक अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा, जिसे प्रोजेक्ट की आवश्यकता और व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर अधिकतम एक वर्ष (अधिकतम कार्यकाल 4 वर्ष) तक बढ़ाया जा सकता है । उम्मीदवारों को पहले वर्ष के लिए 40,000/- रुपये प्रति माह, दूसरे वर्ष के लिए 45,000/- रुपये, तीसरे वर्ष के लिए 50,000/- रुपये और चौथा वर्ष अनुबंध के विस्तार की स्थिति में 55,000/- रुपये का समेकित पारिश्रमिक का भुगतान किया जाएगा ।

b) **प्रशिक्षु इंजीनियर-I/अधिकारी-I** को 2 वर्ष की प्रारंभिक अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा, जिसे प्रोजेक्ट की आवश्यकता और व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर अधिकतम एक वर्ष (अधिकतम कार्यकाल 3 वर्ष) तक बढ़ाया जा सकता है। उम्मीदवारों को पहले वर्ष के लिए 30,000/- रुपये प्रति माह, दूसरे वर्ष के लिए 35,000/- रुपये और अनुबंध के विस्तार की स्थिति में तीसरे वर्ष के लिए 40,000/- रुपये का समेकित पारिश्रमिक का भुगतान किया जाएगा ।

हालांकि, यदि किसी उम्मीदवार ने बीईएल में एक प्रशिक्षु इंजीनियर के रूप में तीन साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है और इस विज्ञापन के अनुरूप परियोजना अभियंता के पद के लिए चुना जाता है, तो उसे सीधे प्रोजेक्ट इंजीनियर -II के रूप में शामिल किया जाएगा । ऐसे उम्मीदवारों का पारिश्रमिक पहले वर्ष के लिए 45,000/- रुपये, दूसरे वर्ष के लिए 50,000/- रुपये और तीसरे वर्ष के लिए 55,000/- रुपये होगा। कुल कार्यकाल केवल 3 वर्ष तक सीमित होगा ।

c) उपर्युक्त पारिश्रमिक के अलावा, रु.12,000/- प्रति वर्ष की एक समेकित राशि का भुगतान बीमा प्रीमियम, पोशाक भत्ता, सिलाई शुल्क, फुटवियर भत्ता आदि जैसे खर्चों के लिए किया जाएगा। अतिरिक्त राशि का भुगतान दो किश्तों में किया जाएगा। पहली किश्त कार्य ग्रहण के बाद पहले महीने के वेतन में और दूसरी किस्त का भुगतान कार्य ग्रहण की तारीख से 6 महीने पूरे होने के बाद किया जाएगा ।

d) **परियोजना अभियंताओं के लिए प्रतिधारण बोनस**: परियोजना अभियंताओं जो परियोजना अभियंता-I के रूप में शामिल होते हैं और 4 वर्षों की समग्र अवधि पूरी करते हैं वे प्रत्येक पूरे वर्ष के लिए रु. 25,000/- के प्रतिधारण बोनस के हकदार होंगे। बहरहाल, प्रतिधारण बोनस 4 वर्षों के अंत में यानी रु. 1,00,000/- देय होगा।

प्रशिक्षु अभियंताओं / अधिकारियों को भी प्रतिधारण बोनस बढ़ाया जाएगा जो प्रशिक्षु अभियंता की भूमिका से उन्नत हुए हैं, बशर्ते कि वे परियोजना अभियंता / अधिकारी की भूमिका में 4 वर्ष का समग्र कार्यकाल पूरा करते हों। हालांकि, प्रतिधारण बोनस की गणना परियोजना अभियंता की भूमिका में कार्यकाल के लिए की जाएगी।

## 3. शैक्षिक योग्यता:

| क्रम सं. | पद | योग्यता |
|---|---|---|
| 1 | परियोजना अभियंता -I (इलेक्ट्रॉनिक्स) | इलेक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार / इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार / दूरसंचार / संचार में B.E/B.Tech/B.Sc इंजीनियरिंग |
| 2 | परियोजना अभियंता -I (मैकेनिकल) | मैकेनिकल में B.E/B.Tech/B.Sc इंजीनियरिंग |
| 3 | परियोजना अभियंता -I (सिविल) | सिविल में B.E/B.Tech/B.Sc इंजीनियरिंग |
| 4 | प्रशिक्षु अभियंता-1 (इलेक्ट्रॉनिक्स) | इलेक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार / इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार / दूरसंचार / संचार में B.E/B.Tech/B.Sc इंजीनियरिंग |
| 5 | प्रशिक्षु अभियंता-1 (मैकेनिकल) | मैकेनिकल में B.E/B.Tech/B.Sc इंजीनियरिंग |
| 6 | प्रशिक्षु अभियंता-1 (सिविल) | सिविल में B.E/B.Tech/B.Sc इंजीनियरिंग |
| 7 | प्रशिक्षु अधिकारी-1 (वित्त) | एमबीए (वित्त);<br>दोहरी विशेषज्ञता के मामले में, वित्त में प्रमुख विशेषज्ञता होनी चाहिए। |

**नोट:**

a) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से संबंधित विषय में **पास क्लास** के साथ बी.ई./बी.टेक/बी.एससी. इंजीनियरिंग (4 वर्षीय पाठ्यक्रम) के उम्मीदवार इसके पात्र हैं।

b) उम्मीदवार के पास सभी वर्ष / सेमेस्टर की मार्कशीट और डिग्री प्रमाण-पत्र होना चाहिए। (सीजीपीए ग्रेडिंग के मामले में, दावे को प्रमाणित करने के लिए रूपांतरण प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना चाहिए और आवेदन पत्र में दर्शाया जाना चाहिए ।

c) यदि न्यूनतम आवश्यक शैक्षणिक योग्यता में आवश्यक योग्यता डिग्री में विशेषज्ञता का कोई उल्लेख नहीं है, तो उम्मीदवारों को योग्यता डिग्री में उनकी विशेषज्ञता के स्पष्ट उल्लेख के साथ अपने विश्वविद्यालय/संस्थान / कॉलेज से साक्षात्कार के समय एक प्रमाण-पत्र जमा करना होगा ।

d) अन्य विषयों के साथ योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा ।

## 4. शैक्षिक योग्यता अर्जित करने के बाद (यथा 01.01.2025) अनुभव

4.1 परियोजना अभियंता I के पद के लिए आवेदन करने के लिए शैक्षिक योग्यता अर्जित करने के बाद न्यूनतम 2 वर्ष का संबंधित उद्योग का अनुभव अनिवार्य है ।

4.2 कृपया निम्नलिखित पर ध्यान दें:

a) शिक्षण/अनुसंधान कार्य, गैर-लाभकारी संगठन में अनुभव, इंटर्नशिप/प्रोजेक्ट कार्य प्लेसमेंट जो शैक्षणिक पाठ्यक्रम का हिस्सा हैं, को अनुभव के रूप में नहीं माना जाएगा। संबंधित स्नातक पूरा करने से पहले का कार्य अनुभव शैक्षणिक योग्यता पश्चात अनुभव के रूप में योग्य नहीं होगा।

b) उम्मीदवार के पास पिछले और वर्तमान नियोक्ता द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र / दस्तावेज होना चाहिए जिसमें स्पष्ट रूप से रोजगार की अवधि और धारित पद का विवरण हो।

c) एक वर्ष पूर्ण शिक्षुता प्रशिक्षण को अनुभव के रूप में माना जाएगा।

d) अधिकतम अनुमेय आयु और अनुभव (शैक्षिक योग्यता अर्जित करने के बाद का अनुभव) तय करने की कट ऑफ तिथि **01.01.2025** के अनुसार होगी। शैक्षिक योग्यता अर्जित करने के बाद अनुभव की गणना को उस माह से अनुभव के रूप में माना जाएगा, जिस महीने के बाद से उम्मीदवार अपना अंतिम परीक्षा सफल होता है जिसमें उसे शैक्षिक योग्यता प्राप्त होती है, पर विचार किया जाएगा। जहां भी विशिष्ट प्रासंगिक अनुभव निर्धारित किया गया है, नियोक्ता द्वारा जारी किए गए अनुभव प्रमाण पत्र / दस्तावेज स्पष्ट रूप से अनुभव के विशिष्ट क्षेत्र का संकेत करते हुए संलग्न किया जाना चाहिए।

e) इन्स्टालेसन, फील्ड परीक्षण और परीक्षण के लिए पूरे भारत में फील्ड स्थानों की व्यापक यात्रा।

f) कार्य अनुभव की प्रासंगिकता के संबंध में चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा। सहायक दस्तावेजों के बिना दर्शाए गए कार्य अनुभव पर विचार नहीं किया जाएगा और बिना किसी पूर्व सूचना के अस्वीकृत/रद्द किया जा सकता है।

**5. चयन प्रक्रिया और चयन का तरीका**

a) **प्रशिक्षु अभियंता/ अधिकारी -I:**

i) विज्ञापन में निर्दिष्ट पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा और उनका चयन श्रेणीवार, विषय-वार, योग्यता के क्रम से किया जाएगा। लिखित परीक्षा **100 अंकों** के लिए आयोजित की जाएगी।

ii) विभिन्न श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए उपयुक्तता हेतु अपेक्षित न्यूनतम अर्हक अंक निम्नानुसार हैं -

| वर्ग | लिखित परीक्षा |
|---|---|
| जनरल/ईडब्ल्यूएस/ओबीसी-एनसीएल | 35% |
| एससी / एससी / पीडब्लयूडी | 30% |

ii) प्रश्न पत्र में प्रत्येक गलत उत्तर के लिए **1/4 अंक की नकारात्मक अंकन** शामिल होगा।

b) **परियोजन अभियंता-I :**

i) परियोजना अभियंता के पद के लिए चयन लिखित परीक्षा और उसके बाद शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के लिए साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा।

ii) विभिन्न श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए उपयुक्तता हेतु अपेक्षित न्यूनतम अर्हक अंक निम्नानुसार हैं –

| वर्ग | लिखित परीक्षा | साक्षात्कार |
|---|---|---|
| सामान्य/ईडब्ल्यूएस/ओबीसी-एनसीएल | 35% | 35% |
| एससी / एससी / पीडब्लयूडी | 30% | 30% |

iii) विज्ञापन में निर्दिष्ट पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) के लिए बुलाया जाएगा ।

iv) मूल्यांकन वेटेज लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के लिए क्रमशः 85% और 15% होगा ।

v) लिखित परीक्षा और साक्षात्कार का स्थान चेन्नई में होगा ।

## 6. <u>आवेदन कैसे करें:</u>

a) उम्मीदवार जो उपरोक्त पदों के लिए आवेदन करने के इच्छुक हैं, वे विज्ञापन के सामने दिए गए संबंधित लिंक पर क्लिक करके ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं ।

b) उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन पत्र में सभी जानकारी सही ढंग से भरने और जमा करने से पहले सत्यापित करने की आवश्यकता है, क्योंकि आवेदन पत्र जमा करने के बाद कोई परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

c) पद के लिए आवेदन करने से पहले, उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंडों को पूरा करता है। कोई मैनुअल / कागजी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। कोई हार्ड कॉपी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

## 7. <u>आवेदन शुल्क:</u>

a) <u>**परियोजना अभियंता - I:**</u> सामान्य, ईडब्ल्यूएस और ओबीसी उम्मीदवारों को 472/- रुपये की राशि जमा करनी होगी (आवेदन शुल्क- 400/- रुपये और 18% जीएसटी)

b) <u>**प्रशिक्षु अभियंता – I/अधिकारी - I**</u>: सामान्य, ईडब्ल्यूएस और ओबीसी उम्मीदवारों को 177/- रुपये की राशि जमा करनी होगी (आवेदन शुल्क-150/- और 18% जीएसटी)

c) आवेदन शुल्क दिए गए एसबीआई कलेक्ट लिंक के माध्यम से प्रेषित किया जाना चाहिए। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे भुगतान करने के लिए विवरण और स्क्रीनशॉट पढ़ें। परियोजन अभियंता-I और प्रशिक्षु अभियंता-I/ अधिकारी - I दोनों पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग शुल्क जमा करना होगा ।

d) उम्मीदवार एसबीआई शाखा से संपर्क करके भी भुगतान कर सकते हैं। उम्मीदवारों को भुगतान विकल्प में एसबीआई शाखा का चयन करना चाहिए और एसबीआई कलेक्ट के माध्यम से सृजित पूर्व-मुद्रित

चालान डाउनलोड करना होगा और किसी भी एसबीआई शाखा में आवेदन शुल्क (जैसा लागू हो) जमा करना होगा । उम्मीदवार को बैंक अधिकारी की मुहर और हस्ताक्षर प्राप्त करना सुनिश्चित करना चाहिए ।

e) सामान्य, ओबीसी-एनसीएल और ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन पत्र में भुगतान के बाद सृजित "एसबीआई कलेक्ट रेफरेंस नंबर" दर्ज करना होगा । <u>एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है ।</u>

f) उम्मीदवार आवेदन शुल्क भेजने और आवेदन जमा करने से पहले सभी निर्देशों और पात्रता मानदंडों को ध्यान से देख सकते हैं। एक बार भुगतान किया गया शुल्क वापस नहीं किया जाएगा। निर्धारित आवेदन शुल्क जमा नहीं करने वाले उम्मीदवारों के आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा ।

**<u>भुगतान करने के लिए अनुदेश:</u>**

a) बीईएल वेबसाइट में उपलब्ध भुगतान लिंक पर क्लिक करें ।
b) www.onlinesbi.com पर जाएं और चुनें: - स्टेट बैंक कलेक्ट
c) नियम और शर्तें को स्वीकार करें और आगे बढ़ें पर क्लिक करें
d) निगम/संस्थान का प्रकार चुनें: - पीएसयू – सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम और => गो दबाएं।
e) पीएसयू का चयन करें – सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम : - भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और सबमिट प्रेस करें
f) भुगतान श्रेणी का चयन करें: - (पद का नाम: चेन्नई यूनिट के लिए परियोजना अभियंता - I / प्रशिक्षु अभियंता - I / अधिकारी - I की भर्ती)।
g) ऊपर बताए अनुसार भुगतान पूरा करें ।
h) सहेजें और भुगतान रसीद का प्रिंट/स्क्रीनशॉट लें और इसे आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।
i) स्क्रीनशॉट समेत विस्तृत अनुदेश विज्ञापन के साथ उपलब्ध कराए गए हैं ।
j) उम्मीदवारों को आवेदन पत्र में भुगतान करने के बाद उत्पन्न **"एसबीआई कलेक्ट रेफरेंस नंबर"** का उल्लेख करना होगा।

## 8. <u>उम्मीदवारों द्वारा अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज:</u>

a) एसएसएलसी/एसएससी/10 वीं कक्षा के अंक कार्ड या जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में कोई अन्य वैध दस्तावेज ।
b) B.Sc (इंजीनियरिंग - 4 वर्ष)/बीई/बीटेक इंजीनियरिंग डिग्री प्रमाणपत्र (जैसा लागू हो), <u>स्पष्ट रूप से किए गए अध्ययन का विषय और क्लास का संकेत दिया जाना है ।</u>

c) सभी सेमेस्टर अंक कार्ड या समेकित अंक कार्ड।

d) सीजीपीए रूपांतरण दस्तावेज (जहां भी लागू हो)।

एससी/एसटी/ओबीसी(एनसीएल)/पीडब्ल्यूबीडी/ईडब्ल्यूएस से संबंधित उम्मीदवारों के मामले में क्रमशः जाति/जनजाति/समुदाय/अक्षमता/आर्थिक स्थिति प्रमाण पत्र । उपरोक्त किसी भी श्रेणी के तहत आरक्षण का दावा

करने वाले उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप में प्रमाण-पत्र जमा करना आवश्यक है। विभिन्न प्रमाणपत्रों के प्रारूप विज्ञापन के लिंक के रूप में उपलब्ध कराए गए हैं। ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को 01.01.2024 को या उसके बाद जारी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। ईडब्ल्यूएस श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को वर्ष 2023-24 या वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए आय और परिसंपत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।

e) सेवा तिथियों का संकेत देते हुए पिछले/वर्तमान नियोक्ता से शैक्षिक योग्यता अर्जित करने बे बाद का कार्य का अनुभव प्रमाण-पत्र अनिवार्य है। यदि वर्तमान रोजगार प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो निम्नलिखित दस्तावेजों को अनिवार्य रूप से संलग्न किया जाना चाहिए।

    i. वर्तमान नियुक्ति का प्रस्ताव पत्र
    ii. कर्मचारी आईडी प्रमाण-पत्र
    iii. नवीनतम वेतन पर्ची

f) पीएसयू/सरकारी संगठनों में स्थायी/नियत अवधि के आधार पर काम करने वाले उम्मीदवारों को अनिवार्य रूप से उचित माध्यम से आवेदन प्रस्तुत करना चाहिए या साक्षात्कार के समय 'अनापत्ति प्रमाण-पत्र' प्रस्तुत करना होगा।

g) एसबीआई कलेक्ट भुगतान चालान

h) पहचान प्रमाण के रूप में (आधार कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर आईडी)।

## 9. <u>सामान्य अनुदेश:</u>

a) केवल भारतीय नागरिकों को आवेदन करने की आवश्यकता है।

b) तैनाती कंपनी की आवश्यकता के आधार पर की जाएगी।

c) उम्मीदवारों को काम की अत्यावश्यकताओं के आधार पर अन्य प्रोजेक्टओं/बाहरी स्थलों पर काम करने के लिए भी तैनात किया जा सकता है।

d) ऊपर बताए गए पद चयन के समय वास्तविक आवश्यकता के आधार पर भिन्न हो सकते हैं।

e) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि आवेदन जमा करने से पहले पात्रता मानदंड और चयन के तौर-तरीकों के विवरण के लिए पूरा विज्ञापन ध्यान से पढ़ें।

f) मेडिकल कवर के लिए **2 लाख** रुपये और लाइफ कवर के लिए **5 लाख** रुपये का बीमा कवरेज संबंधित इंजीनियर से कार्य ग्रहण करते वक्त लिया जाएगा और पॉलिसी की प्रति मानव संसाधन विभाग को जमा की जाएगी। कंपनी के साथ कार्यकाल के दौरान बीमा पॉलिसी के बाद के नवीनीकरण की जिम्मेदारी इंजीनियर की होगी और बीमा कंपनी को भुगतान किया जाने वाला प्रीमियम वैयक्तिक द्वारा वहन किया जाएगा। कार्यकाल के विस्तार की स्थिति में, संबंधित इंजीनियर को नवीनीकृत बीमा पॉलिसी की प्रति एचआर को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

g) उम्मीदवार जो वर्तमान में बीईएल में ट्रेनी इंजीनियर के रूप में काम कर रहे हैं और प्रोजेक्ट इंजीनियर

पद के लिए आवेदन कर रहे हैं, उन्हें यूनिट / एसबीयू / सीएसजी के संबंधित मानव संसाधन विभाग को पूर्व सूचना देनी होगी जहां वे वर्तमान में काम कर रहे हैं।

h) **एक ही पद** के लिए पार्श्विक आवेदन की अनुमति नहीं है अर्थात, प्रशिक्षु / प्रोजेक्ट इंजीनियर जो वर्तमान में बीईएल की किसी भी यूनिट में काम कर रहे हैं, इस विज्ञापन के अनुरूप उस पद के लिए आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं। यदि आवेदन किया जाता है, तो ऐसे आवेदन को चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में बिना कोई कारण बताए सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा ।

i) किसी भी स्तर पर किसी भी उम्मीदवार को उनके न चयन पर अलग से कोई सूचना नहीं दिया जाएगा। उत्तर पुस्तिकाओं की पुन: जांच/पुनर्मूल्यांकन का कोई प्रावधान नहीं है ।

j) **जिन उम्मीदवारों की डिग्री प्रमाण-पत्र में उल्लिखित विशेषज्ञता ऑनलाइन आवेदन में उल्लिखित शाखा से मेल नहीं खाती है, उनके चयन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा ।**

k) उम्मीदवारों के साथ भविष्य के सभी पत्राचार केवल ई-मेल के माध्यम से किए जाएंगे । सूचना/संचार आदि को प्राप्त करने, डाउनलोड करने और प्रिंट करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की होगी । किसी भी परिस्थिति में उम्मीदवार को किसी अन्य व्यक्ति से संबंधित ई-मेल आईडी नहीं देनी चाहिए। उम्मीदवार की ई-मेल/अमान्य/गलत ई-मेल आईडी के बाउंस होने के कारण भेजे गए ई-मेल के किसी भी नुकसान के लिए बीईएल जिम्मेदार नहीं होगा ।

l) चयन प्रक्रिया के सभी चरणों में उम्मीदवारी स्वाभाविक रूप से अनंतिम होगी । केवल आवेदन जमा करना चयन प्रक्रिया के लिए विचार किए जाने के लिए उम्मीदवारी की पर्याप्तता की गारंटी नहीं देता है ।

m) उम्मीदवार की पात्रता के संबंध में सभी मामलों में बीईएल का निर्णय, पात्रता की इस तरह की जांच के चरण, योग्यता और अन्य पात्रता मानदंड उम्मीदवार पर अंतिम और बाध्यकारी होंगे ।

n) पीएसयू / सरकारी संगठनों में स्थायी / निश्चित कार्यकाल के आधार पर काम करने वाले उम्मीदवारों को अनिवार्य रूप से उचित माध्यम से आवेदन प्रस्तुत करना चाहिए या साक्षात्कार के समय **'अनापत्ति प्रमाणपत्र'** प्रस्तुत करना चाहिए ।

o) बीईएल चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भी कारण से किसी भी उम्मीदवार को किसी भी कारण से रोकने/ अयोग्य घोषित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है ।

p) प्रबंधन के पास बिना कोई नोटिस जारी किए या उसके बाद कोई कारण बताए बिना आवश्यकता पड़ने पर भर्ती/चयन प्रक्रिया को रद्द/प्रतिबंधित/विस्तार/संशोधित/बदलने/बदलने का अधिकार सुरक्षित है ।

q) किसी भी रूप में पक्ष प्रचार करना अयोग्यता मानी जाएगी ।

r) यदि अंग्रेजी के अलावा इस विज्ञापन के किसी भी संस्करण में खंड की व्याख्या के कारण कोई विवाद उत्पन्न होता है, तो बीईएल वेबसाइट पर उपलब्ध अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा ।

s) भर्ती प्रक्रिया सहित इस विज्ञापन से उत्पन्न होने वाला कोई भी विवाद चेन्नई में स्थित न्यायालयों के

एकमात्र अधिकार क्षेत्र के अधीन होगा।

t) प्रोजेक्ट इंजीनियर -I और प्रशिक्षु इंजीनियर –I/अधिकारी-I के लिए परीक्षा एक ही दिन एक ही समय में आयोजित की जाएगी।

u) लिखित परीक्षा / साक्षात्कार और अंतिम चयन के लिए चुने गए उम्मीदवारों की सूची बीईएल वेबसाइट: www.bel-india.in (कैरियर सेक्सन) पर उपलब्ध कराई जाएगी।

v) बीईएल में एक मजबूत और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया है जहां चयन मानदंड पूर्ण रूप से उम्मीदवार की योग्यता पर आधारित है। बीईएल विज्ञापन में उल्लिखित आवेदन शुल्क के अलावा भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में धन जमा के लिए कोई शुल्क या अनुरोध नहीं करता है। हम नौकरी चाहने वालों से आग्रह करते हैं कि वे हमारी कंपनी के प्रतिनिधि होने का दावा करने वाले और बीईएल में रोजगार के बदले भुगतान की मांग करने वाले धोखेबाजों द्वारा किए गए किसी भी संचार से गुमराह न हों। कंपनी ऐसे किसी भी नुकसान के लिए उत्तरदायी नहीं है जो इस तरह के धोखाधड़ी कार्यों से हो सकती है।

**बीईएल ऐसे धोखेबाजों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई सहित कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।**

**आवेदन करने की अंतिम तिथि 31.01.2025 है।**

विज्ञापन और आवेदन शुल्क के भुगतान से संबंधित प्रश्नों के लिए, ई-मेल chr_belchn@bel.co.in पर और टेलीफोन नंबर 044 - 22338135/142 पर कृपया हमसे संपर्क करें।

आवेदन पत्र के ऑनलाइन जमा करने के संबंध में तकनीकी सहायता के लिए, कृपया ईमेल belchn@jobapply.in पर लिखें:।

*************************